# University in News on 01 February 2022



**THE PIONEER PAGE 3**

## Raj Bhawan boasts of rich treasure of flora and fauna

**Lucknow (PNS):** Raj Bhawan boasts of a rich treasure of flora and fauna -- 235 species of trees, 96 families of plants, 56 species of birds, 67 species of arthropods, 35 species of butterflies, five species of spiders and three species each of amphibians and reptiles which have been documented.

Among the 56 species of birds belonging to 12 families which have been reported from the Raj Bhawan, Passeriformes is the dominant order. These are the findings of a study carried out by Prof Amita Kannaujia, coordinator, Institute of Wildlife Sciences at Lucknow University and Team Adesh Kumar, programme officer, ENVIS-RP, IWS Lucknow University, Ruchira Nigam, and Aishwarya Ray Research Scholars from the university. Kannaujia said the objective of the study was to investigate the floral and faunal diversity on the Raj Bhawan campus.

"The study will be helpful in preparing a baseline data on biodiversity and assessment of green cover and biodiversity index of the Raj Bhawan. The biodiversity status of Raj Bhawan is significant as it is vital that native and endemic species of flora and fauna are protected. The biodiversity of Raj Bhawan holds a lot of potential in terms of conservation. It harbours a huge biodiversity of invertebrates and vertebrates. Recent changes to ecological environments have changed the importance of many plants and animals that were somewhat ecologically important," she said.

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## नए यूजी अध्यादेश पर लगेगी मुहर

### आज बाईसर्कुलेशन किया जाएगा पास, एनईपी लागू होने के बाद बना है अध्यादेश

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस सत्र 2021-22 से स्नातक में भी नेशनल एजूकेशन पॉलिसी (एनईपी) को प्रभावी बनाया है। इसके तहत विवि प्रशासन द्वारा विद्या परिषद के बाद इसे कार्य परिषद से भी पास कराकर राजभवन भेजा जाएगा। इस क्रम में मंगलवार को कार्य परिषद बाईसर्कुलेशन आहूत की गई है।

विवि प्रशासन ने पिछले साल अपने यहां परास्नातक स्तर पर एनईपी को प्रभावी बनाया था। वहीं इस साल से इसे स्नातक में भी लागू किया है। जिससे स्नातक पाठ्यक्रम तीन की जगह चार वर्ष का हो जाएगा। इसी तरह परीक्षा के मूल्यांकन व्यवस्था में भी संशोधन होगा। इन बदलावों को शामिल करते हुए विवि ने नया स्नातक अध्यादेश तैयार किया है। जिसे पिछले दिनों बाईसर्कुलेशन विद्या परिषद द्वारा पास किया गया।

बता दें कि विवि में इस सत्र से एनईपी के अनुसार स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित करेगा। जो जल्द ही प्रस्तावित की जाएंगी। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि कार्य परिषद से हरी झंडी मिलने के बाद इसे राजभवन भेजा जाएगा। इसके बाद यह पूरी तरह से प्रभावी हो जाएगा।



### विभाग अपडेट रखें स्टॉक रजिस्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों से अपने यहां स्टॉक रजिस्टर अपडेट करने को कहा है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर कहा कि स्टॉक रजिस्टर में स्पष्ट विवरण होना चाहिए कि कौन सी सामग्री कब खरीदी गई। उसे कब और किसे जारी किया गया। स्टॉक का वार्षिक सत्यापन भी होना चाहिए।

### चार छात्रों का आईटी में प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लखनऊ विवि के इंजीनियरिंग संकाय के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों ध्रुव सिन्हा व प्रांजल कुमार वर्मा और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की छात्रा अमृता पांडेय का चयन हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में हुआ है। इन्हें चार लाख रुपये सालाना का पैकेज ऑफर किया गया है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र कृष्णचंद्र वर्मा का प्लेसमेंट फोर्सबोल्ट प्रा. लि. में 3.5 लाख रुपये सालाना के पैकेज पर हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय द्वारा किया गया।

**NBT PAGE 6**

## चार छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

■ **एनबीटी लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजिनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से हुए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग के ध्रुव सिन्हा व प्रांजल कुमार वर्मा, कंप्यूटर साइंस इंजिनियरिंग की अमृता पांडेय का चयन आईटी क्षेत्र की कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज में ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद हुआ है। छात्रों को चार लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चुना गया है। साथ ही कंप्यूटर साइंस इंजिनियरिंग के छात्र कृष्ण चंद्र वर्मा का प्लेसमेंट फोर्सवोल्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में फुल स्टैक डिवेलपर के पद पर 3.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इंजिनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने कराया।

**HINDUSTAN PAGE 5**

## एलयूः चार छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है।

इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों ध्रुव सिन्हा व प्रांजल कुमार वर्मा और कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की छात्रा अमृता पांडे का चयन आईटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ है।

साथ ही कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र कृष्ण चंद्र वर्मा का प्लेसमेंट फोर्सबोल्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में फुल स्टैक डेवलपर के पद पर 3.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय द्वारा किया गया।

**i-NEXT PAGE 6**

## सभी विभागों का स्टाक रजिस्टर अपडेट रखें

**LUCKNOW (31 Jan):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के सभी विभागों व कार्यालय के जिम्मेदारों को अपना स्टाक रजिस्टर अपडेट रखना होगा. उसमें स्पष्ट लिखना होगा कि कौन सी सामग्री कब खरीदी गई. उसे कब और किसे जारी किया गया. इसका वार्षिक सत्यापन भी किया जाना अनिवार्य होगा. इस संबंध में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक से लेकर कार्य अधीक्षक निर्माण व कुलानुशासन को निर्देश जारी किए हैं.

### गवर्नर ने कहा था

5 जनवरी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के संबंध में राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रस्तुतिकरण हुआ था, जिसमें राज्यपाल ने निर्देश दिए थे कि यूनिवर्सिटी को स्टाक रजिस्टर अपडेट रखना चाहिए. उसमें सामग्री खरीदने, उसे भेजने सहित सभी सूचनाएं स्पष्ट रूप से लिखनी चाहिए. उन्होंने यह भी निर्देश कि एनुअल स्टाक वेरिफिकेशन नियमित तौर पर कराया जाए. साथ ही, संपत्ति रजिस्टर भी सही प्रकार से बनाया जाए. राज्यपाल से निर्देश मिलने के बाद रजिस्ट्रार ने विभागों को पत्र जारी कर इसका अनुपालन करने के लिए कहा है.

**RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5**

## लविवि इंजीनियरिंग के चार छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेडिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनमें इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों ध्रुव सिन्हा एवं प्रांजल कुमार वर्मा तथा कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की छात्रा अमृता पांडे का चयन आईटी क्षेत्र की कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है। उक्त विद्यार्थियों को चार लाख रुपए प्रतिवर्ष का पैकेज प्रदान किया गया है। इसी प्रकार कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंक के छात्र कृष्ण चन्द्र वर्मा का प्लेसमेंट फोर्सवोल्ट प्राइवेट लि. में फुल स्टैक डेवलपर के पद पर हुआ है, इन्हें साढ़े तीन लाख रुपए प्रतिवर्ष का पैकेज मिलेगा।